**Series AB5CD/5**

**SET No. 3**

प्रश्न पत्र कोड
Q.P. Code **61/5/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **13+1** मानचित्र हैं।

Please check that this question paper contains **13** printed pages + **1** Map.

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **10** प्रश्न हैं।

Please check that this question paper contains **10** questions.

(iv) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 40*
*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 40*



ZOLLEGE.in

*सामान्य निर्देश:*

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और उनका सख्ती से पालन करें :***

1. *इस प्रश्न–पत्र में कुल **10** प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के सामने प्रश्न के अंक दिए गए हैं।*

2. ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*

3. *यह प्रश्न–पत्र **चार** खण्डों में विभाजित किया गया है, **खण्ड–क, ख, ग** तथा **घ।***

4. ***खण्ड क :** प्रश्न संख्या 1 से 4 तक लघु–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिसमें प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं दिए जाने चाहिए।*

5. ***खण्ड ख :** प्रश्न संख्या 5 से 7 तक दीर्घ–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिसमें प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 150 से 200 शब्दों से अधिक नहीं दिए जाने चाहिए।*

6. ***खण्ड ग :** प्रश्न संख्या 8 तथा 9 स्रोत आधारित प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

7. ***खण्ड घ :** प्रश्न संख्या 10 मानचित्र आधारित **2** अंकों का प्रश्न है।*

8. *प्रश्न–पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। हालांकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन प्रदान किया गया है। इस प्रकार के प्रश्नों में से **केवल एक** ही प्रश्न का उत्तर लिखिए।*



ZOLLEGE.in

***General Instructions :***

***Please read the following instructions carefully and strictly follow them :***

1. *This question paper contains **10** questions. Marks have been indicated against each question.*

2. ***All** questions are compulsory.*

3. *This question paper is divided into **FOUR** sections, **Section-A, B, C** and **D.***

4. ***Section A :** Question numbers 1 to 4 are Short-answer type questions of **3** marks each. Answer to each question should not exceed 80 words.*

5. ***Section B :** Question numbers 5 to 7 are Long-answer type questions carrying **6** marks each. Answer to each question should not exceed 150 to 200 words.*

6. ***Section C :** Question numbers 8 and 9 are source based questions carrying **4** marks each.*

7. ***Section D :** Question number 10 is Map based question carrying **2** marks.*

8. *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in some questions. **Only one** of the choices in such questions have to be attempted.*



ZOLLEGE.in

## खण्ड क

**(लघु–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** **3×4=12**

**1.** संविधान सभा में प्रारूप समिति द्वारा संघवाद पर बनाई गई तीन सूचियों का वर्णन कीजिए। 3

**2.** (क) ''गाँवों में जमींदारों की तुलना में जोतदार अधिक प्रभावशाली थे।'' इस्तमरारी–बंदोबस्त के संदर्भ में इस कथन की परख कीजिए। 3

**अथवा**

(ख) राजमहल की पहाड़ियों में पहाड़ी लोगों का जीवन किस प्रकार वनों से घनिष्ठ रूप से जुड़ा था ? परख कीजिए। 3

**3.** 1856 में नवाब वाज़िद अली शाह के निष्कासन से अवध के लोगों पर पड़े प्रभाव को स्पष्ट कीजिए। 3

**4.** 1929 के अंत में लाहौर में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन के महत्त्व की व्याख्या कीजिए। 3



ZOLLEGE.in

## SECTION A

**(Short-Answer Type Questions)** **3×4=12**

**1.** Describe the three lists of Federalism provided by the Drafting Committee in the Constituent Assembly. 3

**2.** (a) "The jotedars were more effective than that of zamindars in the villages." Examine the statement in the context of Permanent Settlement. 3

**OR**

(b) Examine how the lives of Paharias in the hills of Raj Mahal, were intimately connected to the forests. 3

**3.** Explain the impact of Nawab Wajid Ali Shah's exile in 1856 on the people of Awadh. 3

**4.** Explain the significance of the Congress session held at Lahore in the end of 1929. 3



ZOLLEGE.in

## खण्ड ख

**(दीर्घ–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** **6×3=18**

**5.** '1857 के विद्रोह को एक युद्ध के रूप में देखा गया जिसमें विभिन्न समुदायों के सहअस्तित्व का गौरवगान किया गया।' उदाहरणों सहित कथन को स्पष्ट कीजिए। 6

**6.** (क) उन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जिनके कारण गांधीजी ने असहयोग आंदोलन की शुरुआत की। इस आंदोलन के महत्त्व की व्याख्या कीजिए। 3+3=6

**अथवा**

(ख) एक समाज सुधारक और एक राजनीतिक नेता के रूप में गांधीजी की भूमिका का वर्णन कीजिए। 2+4=6

**7.** (क) ''मुगल इतिवृत्तियों में चित्रकारी राज्य और राजा की शक्ति के संप्रेषण का सशक्त माध्यम मानी जाती थी।'' कथन की पुष्टि तर्कों के साथ कीजिए। 6

**अथवा**

(ख) ''मुगल शाही परिवार की कुछ स्त्रियों ने मुगल साम्राज्य में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।'' कथन को न्यायसंगत ठहराइये। 6



ZOLLEGE.in

## SECTION B

**(Long-Answer Type Questions)** **6×3=18**

**5.** 'The Revolt of 1857 was seen as a war that glorified the co-existence of different communities.' Explain the statement with examples. 6

**6.** (a) Describe the circumstances that led to the initiation of Non-Cooperation Movement by Gandhiji. Explain the significance of this movement ? 3+3=6

**OR**

(b) Describe the role of Gandhiji as a social reformer and as a Political leader. 2+4=6

**7.** (a) "The paintings in the Mughal Chronicles possess special powers to communicate ideas about the power of king and kingdom." Give arguments to support the statement. 6

**OR**

(b) "Few women of the imperial household played a significant role in the Mughal empire." Justify the statement. 6



ZOLLEGE.in

## खण्ड ग

**(केस आधारित प्रश्न)** **4×2=8**

**8.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4

### दरबार–ए–अकबरी

अबुल फ़ज़्ल अकबर के दरबार का बड़ा सजीव विवरण देते हुए कहता है :

जब भी महामहिम (अकबर) दरबार लगाते हैं तो एक विशाल ढोल पीटा जाता है और साथ–साथ अल्लाह का गुणगान होता है। इस तरह सभी वर्गों के लोगों को सूचना मिल जाती है। महामहिम के पुत्र, पौत्र, दरबारी और वे सभी जिन्हें दरबार में प्रवेश की अनुमति थी, हाज़िर होते हैं और कोर्निश कर अपने स्थान पर खड़े रहते हैं। ख्यातिप्राप्त विद्वज्जन तथा विशिष्ट कौशलों में निपुण व्यक्ति आदर व्यक्त करते हैं; तथा न्याय अधिकारी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं। महामहिम अपनी सामान्य अंतर्दृष्टि के आधार पर आदेश देते हैं और सभी मामलों को संतोषजनक ढंग से निपटाते हैं। इस पूरे समय के दौरान विभिन्न देशों से आए तलवारिये व पहलवान अपने को तैयार रखते हैं और महिला तथा पुरुष गायक अपनी बारी की प्रतीक्षा में रहते हैं। चतुर बाज़ीगर और मज़ाकिया कलाबाज़ भी अपने कौशल और दक्षता का प्रदर्शन करने को उत्सुक हैं।

(i) लोगों को दरबार के आचरण की जानकारी किस प्रकार दी जाती थी ? 1

(ii) दरबार में सामाजिक नियंत्रण को किस प्रकार निर्धारित किया ? 1

(iii) अकबर ने दरबार में अपीलों या मामलों का निपटारा किस प्रकार किया ? 2



ZOLLEGE.in

## SECTION C

**(Case Based Questions)** **4×2=8**

**8.** Read the source given below and answer the questions that follow : 4

**Darbar-i Akbari**

Abu'l Fazl gives a vivid account of Akbar's darbar :

Whenever His Majesty (Akbar) holds court *(darbar)* a large drum is beaten, the sounds of which are accompanied by Divine praise. In this manner, people of all classes receive notice. His Majesty's sons and grandchildren, the grandees of the Court, and all other men who have admittance, attend to make the *kornish,* and remain standing in their proper places. Learned men of renown and skillful mechanics pay their respects; and the officers of justice present their reports. His Majesty, with his usual insights, gives orders, and settles everything in a satisfactory manner. During the whole time, skillful gladiators and wrestlers from all countries hold themselves in readiness, and singers, male and female, are in waiting. Clever jugglers and funny tumblers also are anxious to exhibit their dexterity and agility.

(i) How were the people informed about the conduct of the court ? 1

(ii) How was the social control exercised in the court ? 1

(iii) How did Akbar dispose of the appeals or cases in the court ? 2



ZOLLEGE.in

**9.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4

**''हम सिर्फ नकल करने वाले नहीं हैं''**

13 दिसम्बर, 1946 को अपने प्रसिद्ध भाषण में जवाहर लाल नेहरू ने यह कहा था :

हमने एक स्वतंत्र संप्रभु गणराज्य की स्थापना का दृढ़ और पवित्र संकल्प लिया है। भारत का संप्रभु होना नियत है। इसका स्वतंत्र होना और गणराज्य होना भी स्वाभाविक है...। कुछ मित्रों ने सवाल उठाया है : ''आपने यहाँ 'लोकतांत्रिक' शब्द क्यों नहीं रखा ?'' मैंने उन्हें कहा है कि निस्संदेह यह सोचा जा सकता है कि कोई गणराज्य लोकतांत्रिक न हो परंतु हमारा पूरा इतिहास इस तथ्य का साक्षी है कि हम लोकतांत्रिक संस्थानों के ही पक्षधर हैं। स्वाभाविक है कि हमारा लक्ष्य लोकतंत्र है। लोकतंत्र से कम कुछ भी नहीं। यह लोकतंत्र कैसा होगा, उसकी शक्ल–सूरत कैसी होगी, यह एक अलग मसला है। आज के लोकतंत्रों ने दुनिया की प्रगति में जबरदस्त भूमिका निभायी है और उनमें से बहुत सारे यूरोप तथा अन्य स्थानों के देश हैं। परन्तु यह संदेहजनक हो सकता है कि अगर उन्हें पूरी तरह लोकतांत्रिक बने रहना है तो न जाने कब उन लोकतंत्रों को अपनी शक्ल–सूरत थोड़ी बहुत बदलनी पड़ती। मैं आशा करता हूँ कि किसी कथित लोकतांत्रिक देश की एक खास लोकतांत्रिक प्रणाली या किसी संस्थान विशेष की हम सिर्फ नकल करने वाले नहीं हैं। हो सकता है कि हम उससे बेहतर कुछ रच दें। बहरहाल, किसी भी सूरत में, हम यहाँ जैसी चाहे सरकार बनाएँ, वह हमारे लोगों के स्वभाव के अनुरूप और उनको स्वीकार्य ज़रूर होनी चाहिए। हम लोकतंत्र के हक में हैं। यह इस सदन को तय करना है कि इस लोकतंत्र, पूर्णतम लोकतंत्र का स्वरूप कैसा होगा। सदन इस बात को देख सकता है यद्यपि इस प्रस्ताव में हमने ''लोकतांत्रिक'' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया है क्योंकि हमें लगा कि यह तो स्वाभाविक ही है कि ''गणराज्य'' शब्द में यह शब्द पहले ही निहित होता है। इसलिए हम अनावश्यक और अनुपयोगी शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहते थे। हमने शब्दों के उपयोग मात्र से कहीं ज़्यादा ध्यान दिया है। हमने इस प्रस्ताव में लोकतंत्र की अंतर्वस्तु प्रस्तुत की है। बल्कि लोकतंत्र की ही नहीं, आर्थिक लोकतंत्र की अंतर्वस्तु प्रस्तुत की है।

(i) संप्रभुता शब्द को परिभाषित कीजिए। 1

(ii) संविधान सभा द्वारा किन देशों के संविधानों को संदर्भित किया गया ? 1

(iii) इस स्रोत में लोकतंत्र की व्याख्या किस प्रकार की गई है ? 2



ZOLLEGE.in

**9.** Read the source given below carefully and answer the questions that follow : 4

**"We are not going just to copy"**

This is what Jawahar Lal Nehru said in his famous speech of 13 December, 1946 :

We say that it is our firm and solemn resolve to have an independent sovereign republic. India is bound to be sovereign, it is bound to be independent and it is bound to be a republic... Now, some friends have raised the question: "Why have you not put in the word 'democratic' here ?" Well, I told them that it is conceivable, of course, that a republic may not be democratic but the whole of our past is witness to this fact that we stand for democratic institutions. Obviously we are aiming at democracy and nothing less than a democracy. What form of democracy, what shape it might take is another matter. The democracies of the present day, many of them in Europe and elsewhere, have played a great part in the world's progress. Yet it may be doubtful if those democracies may not have to change their shape somewhat before long if they have to remain completely democratic. We are not going just to copy, I hope, a certain democratic procedure or an institution of a so-called democratic country. We may improve upon it. In any event whatever system of government we may establish here must fit in with the temper of our people and be acceptable to them. We stand for democracy. It will be for this House to determine what shape to give to that democracy, the fullest democracy.

(i) Define the term sovereignty. 1

(ii) Which constitutions of the countries were referred by the Constitution Assembly ? 1

(iii) How is democracy explained in this source ? 2



ZOLLEGE.in

## खण्ड घ

**(मानचित्र आधारित प्रश्न)** **1+1=2**

**10.** (क) भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित में से **किसी एक** को उपयुक्त चिह्न से अंकित कीजिए :

(i) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकांड की घटना घटी। 1

**अथवा**

(ii) वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून को तोड़ा। 1

(ख) भारत के दिए गए इसी मानचित्र पर मुगल साम्राज्य के राजधानी नगर को 'A' के रूप में अंकित किया गया है। इसे पहचानिए और उसके पास दी गई रेखा पर उसका नाम लिखिए। 1

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 10 के स्थान पर है।**

(क) (i) उस स्थान का उल्लेख कीजिए जहाँ पर जलियाँवाला बाग हत्याकांड की घटना घटी। 1

**अथवा**

(ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ पर गाँधीजी ने नमक कानून को तोड़ा था। 1

(ख) मुगल साम्राज्य के किसी एक राजधानी नगर का नाम लिखिए। 1



ZOLLEGE.in

## SECTION D

**(Map Based Question)** **1+1=2**

**10.** (a) On the given political outline map of India mark and label **any one** of the follow with appropriate symbols :

(i) The place where Jallianwala Bagh Massacre happened. 1

**OR**

(ii) The place where Salt Law was broken by Gandhiji. 1

(b) On the same map, a capital of the Mughal Empire is marked as 'A'. Identify it and name it on the line drawn near it. 1

**Note : The following questions are for the visually impaired candidates only in lieu of Q.No. 10.**

(a) (i) Mention the place where Jallianwala Bagh Massacre took place. 1

**OR**

(ii) Name the place where Gandhiji broke the Salt Law. 1


(b) Name any one capital of the Mughal Empire. 1



ZOLLEGE.in

ZOLLEGE.in

नक्शा प्रश्न संख्या 10 के लिए
MAP for Q.No. 10




Cut here यहाँ से काटें

ZOLLEGE.in

ZOLLEGE.in



ZOLLEGE.in